Chapter- 11

काल

STUDY NOTES

विषय सारांश:

- क्रिया के जिस रूप से उसके करने या होने के समय (काल) का बोध हो, उसे काल कहते हैं।
- काल के तीन भेद हैं-

    १. वर्तमान काल

    २. भूतकाल

    ३. भविष्यत् काल

१. वर्तमान काल-

क्रिया का वह रूप जिसमें काम वर्तमान या चल रहे समय में संपन्न होता है, उसे वर्तमान काल कहते हैं।

उदाहरण- मनु स्कूल जाता है।

२. भूतकाल-

क्रिया के जिस रूप से बीते हुए समय का बोध हो उसे भूतकाल कहते हैं।

उदाहरण- राम घर जा रहा है।

उसने कहानी सुनाई।

३. भविष्यत् काल-

जब क्रिया का करना या होना आनेवाले समय में पाया जाए तो उसे भविष्यत् काल कहते हैं।

उदाहरण- राम घर जाएगा।

शायद मैं कल दिल्ली जाऊँ।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

आइए, अब लिखें:

१. निम्नलिखित क्रियाओं को काल के अनुसार उचित स्थान पर लिखिए।

(आएगा, सोचा, घूमेगा, नहा रहा है, देखेंगे, पढ़ा, हँस रही है, उड़ रही थी, खेलते हैं)

भूतकाल	वर्तमान काल	भविष्यत् काल
सोचा	नहा रहा है	देखेंगे
पढ़ा	हँस रही है	घूमेगा
उड़ रही थी	खेलते हैं	आएगा

२. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर उनके सामने काल के भेद लिखिए।

क) नीना अपना गृहकार्य कर रही है। वर्तमान काल

ख) वर्षा होने की संभावना है। भविष्यत् काल

ग) पंछी डाल से उड़ गया। भूत काल

घ) नेहा श्रुति से मिलने जाएगी। भविष्यत् काल

ङ) खुशी सुबह से खेल रही थी। भूत काल

च) मनु वृद्ध व्यक्ति को सड़क पार करा रही है। वर्तमान काल

३. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलकर दुबारा लिखिए।

क) मयंक योगासन कर रहा था। (वर्तमान काल)

उ: मयंक योगासन कर रहा है।

ख) जतिन शिक्षिका से पूछ रहा है। (भूतकाल)

उ: जतिन शिक्षिका से पूछ रहा था।

ग) शुभम समय पर स्टेशन पहुँच जाएगा। (भूतकाल)

उ: शुभम समय पर स्टेशन पहुँच गया।

घ) शिक्षक वीर शिवाजी के बारे में पढ़ा रहे हैं। (भविष्यत् काल)

उ: शिक्षक वीर शिवाजी के बारे में पढ़ाएँगे।

४. उचित मिलान कीजिए।

क) गाड़ी समय पर	i) कर रहा है
ख) आसनाम में तारे	ii) चल पड़ी
ग) शेर शिकार	iii) घूमने जाएगी
घ) ज्योति शिमला	iv) टिमटिमा रहे हैं

♦♦♦